दिन–गुरुवार दिनांक– 19 / 06 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से। अवधिः– 05 मिनट

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सीवान जिले के जसौली में आयोजित समारोह के दौरान प्रदेश की विभिन्न योजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण करेंगे। श्री मोदी मढ़ौरा रेल इंजन कारखाने में बने डीजल ईंजन के निर्यात की पहली खेप दक्षिण अफ्रीकी देश गिनी के लिए रवाना करेंगे। साथ ही पटना और गोरखपुर के बीच वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन के परिचालन का शुभारंभ करेंगे। यह ट्रेन उत्तर प्रदेश के गोरखपुर से बगहा, नरकटियागंज, मोतिहारी, मुजफ्फरपुर, हाजीपुर के रास्ते पाटलिपुत्र तक चलेगी। समस्तीपुर रेलमंडल के प्रबंधक विनय श्रीवास्तव ने बताया कि पंचरूखी में आयोजित कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री इस ट्रेन को हरी झंडी दिखायेंगे। इधर, जसौली में प्रधानमंत्री की सभा की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को देखते हुये सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गयी है। सीवान, गोपालगंज और सारण समेत आस–पास के जिलों में भी सुरक्षा व्यवस्था बढ़ी दी गयी है।

———————————————————————

राष्ट्रीय जनता दल की राज्य परिषद की महत्वपूर्ण बैठक आज पटना के ज्ञान भवन में आयोजित की जा रही है। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में संगठन और आगामी विधानसभा चुनाव की रणनीति को लेकर चर्चा जारी है। इससे पूर्व नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष मंगनी लाल मंडल को अध्यक्ष पद का कार्यभार औपचारिक रूप से सौंपा गया। बैठक में विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव, पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी समेत पार्टी के कई वरिष्ठ नेता भाग ले रहे हैं।

———————————————————————

प्रवर्तन निदेशालय की टीम नीट एमबीबीएस प्रवेश परीक्षा पेपर लीक मामले में आज पटना और रांची समेत कई स्थानों पर छापेमारी कर रही है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया है कि इस मामले के मास्टरमाइंड संजीव मुखिया और अन्य लोगों से जुड़े परिसरों पर छापेमारी की जा रही है। पिछले वर्ष बिहार पुलिस की आर्थिक अपराध इकाई ने नीट एमबीबीएस परीक्षा पेपर लीक का खुलासा किया था। जांच में यह तथ्य सामने आया कि संजीव मुखिया एक अंतरराज्यीय संगठित गिरोह के जरिए कई प्रतियोगी परीक्षाओं के प्रश्नपत्र लीक करने में भी शामिल था। गौरतलब है कि इस वर्ष अप्रैल में बिहार पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया था।

---

दक्षिण–पश्चिम मॉनसून प्रदेश के अधिकतर भागों में तेजी से फैल रहा है। जिसके प्रभाव से राज्य के उत्तर–पूर्व और दक्षिण–पूर्व भागों में अनेक स्थानों पर मध्यम वर्षा दर्ज की गयी है। इस दौरान कई स्थानों पर मेघगर्जन और वज्रपात की भी सूचना है। मौसम विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि अगले दो दिनों के भीतर पूरे प्रदेश में मॉनसूनी वर्षा का सिलसिला शुरू हो जायेगा। इस वर्ष सामान्य से ग्यारह प्रतिशत अधिक वर्षा का अनुमान है। इधर, विभाग ने आज पश्चिम चम्पारण, जहानाबाद, गया और नवादा जिले में कई स्थानों पर अति भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। वहीं, कैमूर, रोहतास और औरंगाबाद जिले में कुछ स्थानों पर भारी वर्षा की सम्भावना है।

---

क्यू एस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी के दुनियाभर के उच्च शिक्षा संस्थानों की रैंकिंग में रिकॉर्ड चौवन भारतीय संस्थानों को स्थान मिला है। इस रैंकिंग में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान–आईआईटी, दिल्ली एक सौ तेईसवें स्थान पर है। पहले यह रैंकिंग एक सौ पचासवीं थी। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि वर्ष दो हजार चौदह में देश के सिर्फ ग्यारह विश्वविद्यालयों को रैंकिंग में स्थान मिला था जो अब पांच गुणा बढ़ गया है। उन्होंने कहा कि रैंकिंग में यह बढोतरी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में शुरू किए गए परिवर्तनकारी शैक्षिक सुधारों का प्रमाण है।

---

अररिया के जिलाधिकारी अनिल कुमार ने सिकटी और पलासी प्रखंड में सम्भावित बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने तटबंधों की निगरानी बढ़ाने और बांधों को किसी नुकसान की सूचना तुरंत उच्च अधिकारियों तक पहुंचाने के निर्देश दिये।

---

पश्चिम चम्पारण जिले के बगहा में त्रिवेणी नहर में स्नान के दौरान डूबने से एक युवक की मौत हो गयी।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ। एक छोटे अंतराल के बाद आप सुनेंगे उर्दू बुलेटिन।